## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–01.06.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****************

राज्य में गोड्डा, दुमका और राजमहल सीटों पर मतदान शांतिपूर्व चल रहा है। दोपहर एक बजे तक छियालीस दशमलव आठ शून्य प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। रांची स्थित निर्वाचन आयोग के कार्यालय में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने इस बारे में विस्तार से जानकारी दी।

****************

राज्य में शाम 5 बजे तक वोट डाले जाएंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक मतदान हो रहा है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ा दी गई है।

****************

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में राज्य की तीन सीटों के लिए हो रहे मतदान को लेकर आम से लेकर खास मतदाताओ में उत्साह देखने को मिल रहा है। मतदान शुरु होने के साथ मतदान केंद्रों में मतदाताओं के आने का सिलसिला लगातार जारी है।

****************

गोड्डा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ निशिकांत दुबे ने आज बीएड कॉलेज के बूथ पर मतदान किया। उनके साथ उनकी पत्नी अनामिका गौतम और दोनों बेटों ने भी वोट डाले। इससे पहले निशिकांत दुबे देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचे। वहां उन्होंने भगवान भोलेनाथ की पूजा–अर्चना की। इसके बाद निशिकांत दुबे दुमका के जरमुंडी स्थित बाबा बासुकीनाथ धाम भी गए। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने अपनी जीत का दावा किया। गोड्डा लोकसभा सीट पर निशिकांत दुबे का मुख्य मुकाबला इंडी गठबंधन के प्रत्याशी प्रदीप यादव से है। गोड्डा में भाजपा के निशिकांत दुबे ने वर्ष 2009, 2014 और 2019 में जीत हासिल की है और वे अब चौथी बार चुनावी मैदान में हैं।

****************

झारखंड मुक्ति मोर्चा के शिकारीपाड़ा के विधायक और दुमका लोकसभा सीट से प्रत्याशी नलिन सोरेन ने आज परिवार के साथ मतदान किया। श्री सोरेन अपनी पत्नी जोएस बेसरा, बेटा, बहू और बेटी के साथ मतदान केंद्र पहुंचे। इधर, महगामा से कांग्रेस की विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने भी परिवार के सदस्यों के साथ मतदान किया। मतदान के बाद उन्होंने आम लोगों से घर से निकल कर वोट करने की अपील की। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने आज के दिन को बेहद खास बताते हुए कहा कि आज दिए जाने वाला हर एक वोट अगले पांच साल तक का भविष्य तय करेगा।

****************

झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष और नाला से विधायक रवींद्रनाथ महतो ने भी अपने परिवार के सदस्यों के साथ बूथ पर पहुंचकर मतदान किया। श्री महतो ने नाला विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 91 में वोट डाला।

****************

राज्य में अंतिम चरण में तीन सीटों के आज हो रहे चुनाव में 8 महिला समेत 52 प्रत्याशियों की चुनावी किस्मत ईवीएम में लॉक हो जाएगी। इनमें दो वर्तमान सांसद और चार विधायकों की भी प्रतिष्ठा दांव पर है। इनमें राजमहल सीट से 3 महिला समेत 14 प्रत्याशी, दुमका से 4 महिला समेत 19 प्रत्याशी और गोड्डा सीट से 1 महिला समेत 19 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इस चरण में राजमहल सीट के लिए भाजपा के ताला मरांडी, झामुमो के विजय हांसदा तथा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विधायक लोबिन हेम्ब्रम, दुमका संसदीय सीट के लिये भाजपा की सीता सोरेन तथा झामुमो के नलिन सोरेन और गोड्डा सीट से भाजपा के निशिकांत दुबे तथा कांग्रेस के प्रदीप यादव के बीच मुख्य मुकाबला होने की संभावना है।

****************

राज्य में सातवें और अंतिम चरण में लोक सभा की तीन सीटों के लिए हो रहे चुनाव में 2 सौ 41 मतदान केंद्र महिलाओं द्वारा संचालित किए जा रहे हैं । इसमें राजमहल में 166, दुमका में 70 और गोड्डा में 05 मतदान केंद्र में वोटिंग करने की सारी जिम्मेवारी महिला मतदान कर्मियों द्वारा निभाई जा रही है। इसके अलावा 7 मतदान केंद्रों का संचालन दिव्यांग मतदान कर्मियों के द्वारा किया जा रहा है, जबकि 11 मतदान केंद्रों पर युवा मतदान कर्मियों पर मतदान करने की जिम्मेदारी है। इस चरण में 18 मतदान केंद्र को मॉडल मतदान केंद्र के रूप में विकसित किया गया है।

****************

विपक्षी दलों के नेताओं ने लोकसभा चुनाव का मतदान आज शाम संपन्न होने के बाद बैठक बुलाई है। इसमें विपक्ष के नेतृत्वे में इंडी गठबंधन, मतगणना से पहले अपनी भावी नीतियों पर चर्चा कर सकता है। इस बैठक में झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव और आम आदमी पार्टी के नेता तथा राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा के भाग लेने की संभावना है।

****************

झारखंड में आज तीन लोकसभा सीट के लिए हो रहे मतदान को लेकर आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश के द्वारा जीवंत चुनावी परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। जिसका प्रसारण रात आठ बजे से साढ़े आठ बजे तक होगा।

****************

गढ़वा जिले में आज चलंत लोक अदालत वाहन का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश राजेश शरण सिंह ने कहा कि चलंत लोक अदालत का यह वाहन जिले के बीस प्रखंडों में एक महीने तक जरूरत मंद लोगों के पास पहुंच कर उन्हें न्याय दिलाएगा। श्री सिंह ने जरूरतमंदों से इस त्वरित न्याय व्यवस्था का लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम में जिले के उपायुक्त शेखर जमुआर ने भी सभी तरह के न्याय के लिए चलंत लोक अदालत को बेहद आवश्यक और लाभकारी बताया।

****************

तेल विपणन कंपनियों ने व्यायसायिक एल.पी.जी. सिलेंडर की कीमतों में 69 रुपये पचास पैसे की कटौती की है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने बताया कि दिल्ली में अब प्रति व्यावसायिक सिलेंडर का मूल्य एक हजार छह सौ 76 रुपये होगा। इसके अलावा विमान ईंधन–एटीएफ की कीमतों में भी साढे छह प्रतिशत की कमी की गई है।

****************

गर्मियों में भी कभी अपने अच्छे मौसम के लिए प्रसिद्ध हजारीबाग जिले में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है।

****************

केंद्र सरकार ने कहा है कि बिजली की अत्यधिक मांग के बावजूद ताप बिजली संयंत्रों में कोयले का भंडार 45 मीट्रिक टन से अधिक बना हुआ है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक है। कोयला मंत्रालय ने एक वक्तव्य में बताया है कि यह स्टॉक 19 दिनों की आवश्यकता पूरी करने के लिए पर्याप्त है।

****************

रांची के चुटिया थाना क्षेत्र स्थित एक रेस्त्रां सह बार में पिछले दिनों हुई डिस्क जॉकी, डीजे की हत्या के मामले में पुलिस ने हत्याकांड में प्रयुक्त हथियार को बरामद कर लिया है। जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने आज बताया कि हथियार के साथ कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं। इस मामले में हथियार छुपाने वाले दो लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। श्री सिन्हा ने बताया कि हथियार की बरामदगी रांची के तुपुदाना इलाके से की गई है।

****************

राज्य के अलग–अलग हिस्सों में मौसम का रुख भी अलग–अलग देखने को मिल रहा है। पलामू–गढ़वा और चतरा जैसे जिलों में जहां भीषण गर्मी और हीट वेव चल रही है वहीं, कोल्हान तथा संताल के कुछ इलाकों में कल आंधी–पानी से लोगों को राहत मिली। इधर, पिछले चौबीस घंटे के दौरान लू की चपेट में आने से अठाईस लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने रांची समेत कई हिस्सों में अगले अड़तालीस घंटे में तेज हवा के साथ हल्की बारिश होने की संभावना जताई है।

****************

सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला डबल्स सेमीफाइनल में आज त्रिसा जोली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी को हार का सामना करना पड़ा। दुनिया की तीसरे नम्बर की भारतीय जोड़ी को जापान के मत्युपुर यामा और चिचारू शिदा ने हरा दिया।

******समाप्त*******